Downloaded From : http://cbseportal.com/

कक्षा–12
विषय–हिन्दी
(प्रश्नमाला)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र0–1 निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प का चयन करें–

1. आधुनिक काल को 'गद्यकाल' किसने कहा है?

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (घ) श्यामसुन्दर दास

2. 'उक्ति–व्यक्ति प्रकरण' रचना है–

(क) सदासुख लाल (ख) कवि गंग

(ग) दामोदर शर्मा (घ) लल्लू लाल

3. 'कविवचन सुधा' पत्रिका के सम्पादक हैं–

(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ग) प्रताप नारायण मिश्र (घ) श्यामसुन्दर दास

4. 'फोर्ट विलियम' कालेज की स्थापना हुई–

(क) 1808 ई0 (ख) 1800 ई0

(ग) 1801 ई0 (घ) 1900 ई0

5. 'भारत दुर्दशा' नाटक के रचयिता है–

(क) पं0 बालकृष्ण भट्ट (ख) प्रतापनारायण मिश्र

(ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (घ) जयशंकर प्रसाद

6. हिन्दी की प्रथम आधुनिक कहानी है–

(क) ग्यारह वर्ष का समय (ख) आकाशदीप

(ग) रानी केतकी की कहानी (घ) इन्दुमती

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

7. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने क्या किया?

(क) साहित्य के इतिहास लेखन का कार्य
(ख) कविवचन सुधा का सम्पादन
(ग) ब्रजभाषा का प्रयोग
(घ) भाषा–परिमार्जन

8. छायावाद युग की समय सीमा है–

(क) 1900 ई0 से 1918 ई0 तक
(ख) 1918 ई0 से 1938 ई0 तक
(ग) 1938 ई0 से अब तक
(घ) 1968 ई0 से 1900 ई0 तक

9. प्रेमचन्द्र की रचना है–

(क) ध्रुवस्वामिनी
(ख) प्रतिशोध
(ग) कंकाल
(घ) गोदान

10. हिन्दी की प्रथम एकाकी है–

(क) प्रथ्वीराज की आँखे
(ख) एक घूँट
(ग) अंधेर नगरी
(घ) भारत दुर्दशा

11. हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है–

(क) चन्द्रकान्ता
(ख) परीक्षा गुरू
(ग) नूतन ब्रह्मचारी
(घ) तितली

12. हजारी प्रसाद द्विवेदी की रचना है–

(क) सेवासदन
(ख) बाणभटट् की आत्मकथा
(ग) चिन्तामणि
(घ) कंकाल

13. निम्नलिखित में से कोई एक कथन सत्य है, पहचानकर लिखिए–

(क) 'कामायनी' जयशंकर प्रसाद की रचना है।
(ख) 'गोदान' प्रताप नारायण मिश्र की रचना है।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(ग) 'हंस' पत्रिका के सम्पादक (घ) 'रंगभूमि' उपन्यास जैनेन्द्र का है। जयशंकर प्रसाद है।

14. 'राग दरबारी' किस विद्या की रचना है–

(क) नाटक (ख) उपन्यास

(ग) आत्मकथा (घ) जीवनी

15. 'निन्दा रस' निबन्ध के रचनाकार है–

(क) हरिशंकर परसाई (ख) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ग) रामचन्द्र शुक्ल (घ) जैनेन्द्र कुमार

16. 'वर्ण रत्नाकर' किस भाषा में है?

(क) खड़ी बोली (ख) भोजपुरी

(ग) मैथिली (घ) ब्रजभाषा

17. 'आनन्द कादम्बिनी' पत्रिका के सम्पादक थे–

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) बालकृष्ट भट्ट

(ग) श्यामसुन्दर दास (घ) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

18. रेखाचित्र पर आधारित रचना है–

(क) मुद्राराक्षस (ख) साहित्यालोचन

(ग) अतीत के चलचित्र (घ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

19. परख, सुनीता एवं सुखदा जैसे सुप्रसिद्ध उपन्यासों की रचना किसके द्वारा की गयी है?

(क) श्रीलाल शुक्ल द्वारा (ख) जैनेन्द्र कुमार द्वारा

(ग) प्रेमचन्द्र द्वारा (घ) धर्मवीर भारती द्वारा

20. 'क्षण बोले कण मुस्काए' निबन्ध के रचयिता हैं–

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(क) कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर (ख) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) विद्यानिवास मिश्र (घ) रामचन्द्र शुक्ल

21. 'कबीर' आलोचना ग्रन्थ है–

(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) रामकुमार वर्मा (घ) प्रेमचन्द्र

22. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के लेखक हैं–

(क) श्यामसुन्दर दास (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) मोहन राकेश (घ) हरिशंकर परसाई

23. 'कुटज' निबन्ध के रचनाकार हैं–

(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) अज्ञेय (घ) मोहन राकेश

24. 'अशोक के फूल' के रचनाकार हैं–

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) प्रतापनारायण मिश्र

25. 'आलोक पर्व' किस लेखक की कृति है?

(क) गुलाबराय (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) रामवृक्ष बेनीपुरी

26. 'एकात्म मानववाद' के लेखक हैं–

(क) अज्ञेय (ख) पं0 दीनदयाल उपाध्याय

(ग) इलाचन्द्र जोशी (घ) रायकृष्ण दास

27. 'माता भूमिः पुत्रोअहं पृथिव्याः।' किस पाठ से लिया गया है–

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) वासुदेव शरण अग्रवाल

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ग) कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर' (घ) डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम

28. भारतेन्दु यग के निबन्धकार है–

(क) किशोरी लाल गोस्वामी (ख) प्रतापनारायण मिश्र

(ग) जैनेन्द्र कुमार (घ) धर्मवीर भारती

29. 'कलम का सिपाही' के रचनाकार हैं–

(क) धीरेन्द्र वर्मा (ख) अमृत राय

(ग) प्रेमचन्द्र (घ) रामचन्द्र शुक्ल

30. सज्जन, कल्याणी परिणय, अजातशत्रु नाटक है–

(क) राजकुमार वर्मा (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) लक्ष्मी नारायण मिश्र (घ) हरिकृष्ण प्रेमी

31. उपन्यास शब्द का शाब्दिक अर्थ है–

(क) यथार्थ चित्रण (ख) सामने रखना

(ग) प्रकट करना (घ) वर्णन करना

32. 'अरे यायावर रहेगा याद' किस विधा की रचना है–

(क) रेखाचित्र (ख) यात्रावृत्त

(ग) संस्मरण (घ) आत्मकथा

33. 'गेहूँ और गुलाब', 'माटी की मूरतें' किस विधा की रचना है–

(क) उपन्यास (ख) रेखाचित्र

(ग) नाटक (घ) कहानी

34. 'डायरी' लेखन के पर्यायवाची शब्द हैं–

(क) परिचर्चा (ख) दैनिकी, दैनान्दिनी

(ग) भेंटवाता (घ) विशेष परिचर्चा

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

35. 'पंत के दो सौ पत्र बच्चन के नाम' उल्लेखनीय पत्र संकलन है–

(क) बनारसी दास चतुर्वेदी (ख) हरिवंश राय बच्चन

(ग) डॉ0 बच्चन (घ) मोहन राकेश

36. निम्नलिखित से भारतेन्द्र पूर्व का लेखक नहीं है–

(क) शिव प्रसाद सितारे 'हिन्द' (ख) यशपाल

(ग) लक्ष्मण सिंह (घ) इंशा अल्ला खाँ

37. 'भाषा और आधुनिकता' निबन्ध के लेखक है–

(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी

(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) हरिशंकर परसाई

38. 'काशी नागरी प्रचारिणी' सभा की स्थापना किसने की है?

(क) श्यामसुन्दर दास (ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) अज्ञेय

39. हजारी प्रसाद द्विवेदी की रचना है–

(क) चिन्तामणि (ख) अशोक के फूल

(ग) सेवासदन (घ) रंगभूमि

40. आदिकाल का ग्रन्थ नहीं है–

(क) पृथ्वीराज चौहान (ख) सूरसागर

(ग) सन्देश रासक (घ) परमाल रासो

41. भारतेन्दु युग के लेखक नहीं है–

(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

42. 'निन्दा रस' निबन्ध के लेखक हैं–

(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) हरिशंकर परसाई

(ग) जैनेन्द्र (घ) अज्ञेय

43. 'भूत के पाँव पीछे', 'पगडण्डियों का जमाना' रचना है–

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) हरिशंकर परसाई

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' (घ) श्याम सुन्दर दास

44. हिन्दी के साहित्य–इतिहास के लेखक है–

(क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ख) प्रतापनारायण मिश्र

(ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) प्रेमचन्द्र

45. सन् 2002 में भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बनें–

(क) डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम (ख) मोहन राकेश

(ग) श्रीलाल शुक्ल (घ) डॉ0 के0आर0 नारायणन

46. 'विजन–2020' किसकी रचना है–

(क) फणीश्वर नाथ 'रेणु' (ख) डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम

(ग) पं0 दीनदायाल उपाध्याय (घ) निर्मल वर्मा

47. 'पाजेब', 'एक रात', 'मास्टर जी' किस विधा की रचना है–

(क) उपन्यास (ख) कहानी

(ग) नाटक (घ) संस्मरण

48. 'झरोखे', 'कड़ियाँ', 'तमस' किसके द्वारा रचित उपन्यास है–

(क) मोहन राकेश द्वारा (ख) भीष्म साहनी द्वारा

(ग) निर्मल वर्मा द्वारा (घ) शिवानी द्वारा

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

49. 'वीरगाथा काल' के कवि है–

(क) केशवदास (ख) चन्दवरदाई

(ग) महादेवी वर्मा (घ) जयशंकर प्रसाद

50. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है–

(क) आत्मकथा (ख) उपन्यास

(ग) कहानी (घ) संस्मरण

51. 'भाग्यवती' उपन्यास के लेखक है–

(क) इंशा अल्ला खाँ (ख) श्रद्धाराम फुल्लौरी

(ग) लाला श्रीनिवास दास (घ) प्रेमचन्द्र

52. प्रेमचन्द्र किस रचना के लेखक नहीं है–

(क) कफन (ख) पंच परमेश्वर

(ग) नमक का दरोगा (घ) ममता

53. हिन्दी की प्रथम कहानी है–

(क) पूस की रात (ख) आत्माराम

(ग) इन्दुमती (घ) पंच परमेश्वर

54. 'गोरा बादल की कथा' के लेखक हैं–

(क) कमलेश्वर (ख) उसने कहा था

(ग) ध्रुवस्वामिनी (घ) गोदान

55. कौन सी रचना कहानी है–

(क) तितली (ख) उसने कहा था

(ग) ध्रुवस्वामिनी (घ) गोदान

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

56. 'आकाशदीप' कहानी है–

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) मोहन राकेश

(ग) प्रेमचन्द्र (घ) महादेवी वर्मा

57. निबन्ध विधा का प्रारम्भ किस युग में हुआ–

(क) द्विवेदी युग (ख) भारतेन्दु युग

(ग) छायावाद युग (घ) छायावादोत्तर युग

58. 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक है–

(क) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी (घ) सरदार पूर्ण सिंह

59. 'चिन्तामणि' किस विधा की रचना है–

(क) उपन्यास (ख) निबन्ध

(ग) एकांकी (घ) आत्मकथा

60 'वसीयत' किस विधा की रचना है–

(क) यात्रावृत्त (ख) समालोचना

(ग) कहानी (घ) संस्करण

61. निम्नलिखित रचनाओं में कौन सी रचना 'रेखाचित्र' है–

(क) अतीत के चलचित्र (ख) चित्रलेखा

(ग) विचार प्रवाह (घ) चन्द्रगुप्त

62. आलोचना के क्षेत्र में सर्वाधिक उल्लेखनीय है–

(क) मिश्रबन्धु (ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' (घ) अज्ञेय

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

63. 'कुटज' किस विधा की रचना है–

(क) निबन्ध (ख) आलोचना

(ग) संस्मरण (घ) रेखाचित्र

64. हिन्दी एकांकी का जनक माना जाता है–

(क) मोहन राकेश (ख) भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र

(ग) डॉ0 रामकुमार वर्मा (घ) बालकृष्ण भट्ट

65. निम्नलिखित में से कौन सी रचना भारतेन्दु की है–

(क) ध्रुवस्वामिनी (ख) भारत दुर्दशा

(ग) चन्द्रगुप्त (घ) स्कन्दगुप्त

66. 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी है–

(क) डॉ0 रामकुमार वर्मा (ख) उपेन्द्र नाथ अश्क

(ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) यशपाल

67. 'नूतन ब्रह्मचारी' किस विधा की रचना है–

(क) जीवनी (ख) उपन्यास

(ग) आत्मकथा (घ) नाटक

68. 'चन्द्रकान्ता' उपन्यास के लेखक हैं–

(क) लाला श्रीनिवास दास (ख) देवकीनन्दन खत्री

(ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) प्रेमचन्द्र

69. प्रेमचन्द्र के समकालीन उपन्यासकार हैं–

(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) श्रीलाल शुक्ल (घ) मोहन राकेश

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

70. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र किसके लेखक हैं–

(क) जिन्दगी और जोंक (ख) अंधेर नगरी

(ग) काले उजले दिन (घ) राग दरबारी

71. 'हरिऔध' का पूरा नाम क्या है–

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ग) हजारी प्रसाद हरिऔध (घ) नागार्जुन प्रसाद हरिऔध

72. हिन्दी का प्रथम नाटक है–

(क) कामना (ख) नहुष

(ग) एक घूँट (घ) नल–दमयन्ती

73. भारतीय आचार्यों के अनुसार नाटक के तत्वों की संख्या है–

(क) आठ (ख) पाँच

(ग) सात (घ) ग्यारह

74. 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं–

(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) इंशा अल्ला खाँ

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) धर्मवारी भारती

75. 'ग्यारह वर्ष का समय' कहानी के लेखक हैं–

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) प्रेमचन्द्र (घ) अज्ञेय

76. खड़ीबोली गद्य का उन्नायक कौन है–

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) मुंशी सदासुख लाल

(ग) रामचन्द्र शुक्ल (घ) महावीर प्रसाद द्विवेदी

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

77. वर्तमान युग में हिन्दी गद्य से क्या तात्पर्य है–

(क) अवधी (ख) खड़ीबोली

(ग) ब्रजभाषा (घ) राजस्थानी

78. हिन्दी गद्य की विधा नहीं है–

(क) निबन्ध (ख) खण्डकाव्य

(ग) कहानी (घ) आलोचना

79. आधुनिक काल को 'गद्यकाल' के नाम से किसने अभिहित किया है–

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी (घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'

80. 'भाषा–योगवशिष्ठ' के रचयिता हैं–

(क) लल्लू लाल (ख) राम प्रसाद निरंजनी

(ग) सदल मिश्र (घ) राजा लक्ष्मण सिंह

81. खड़ीबोली गद्य का व्यवस्थित विकास कब से हुआ–

(क) अठारहवीं शताब्दी (ख) उन्नीसवीं शताब्दी

(ग) इक्कीसवीं शताब्दी (घ) सत्रहवीं शताब्दी

82. 'अरे यायावर रहेगा याद' किस विधा की रचना है–

(क) संस्मरण (ख) यात्रावृत्त

(ग) आत्मकथा (घ) रेखाचित्र

83. 'मेरा परिवार' किस विधा की रचना है–

(क) रेखाचित्र (ख) संस्मरण

(ग) जीवनी (घ) रिपोतार्ज

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

84. हिन्दी का प्रथम यात्रावृत्त है–

(क) कलम का सिपाही (ख) सरयू पार की यात्रा

(ग) परीक्षा–गुरू (घ) पथ के साथी

85. 'विषकन्या, अपराधिनी, पुष्पहार' कहानी संग्रह हैं–

(क) जैनेन्द्र (ख) शिवप्रसाद सिंह

(ग) अज्ञेय (घ) धर्मवीर भारती

86. अमरकान्त का जन्म किस सन् में हुआ?

(क) सन् 1922 ई0 में (ख) सन् 1925 ई0 में

(ग) सन् 1920 ई0 में (घ) सन् 1930 ई0 में

87. कर्मनाशा की हार, मुरदा सराय तथा भेड़िए कहानी संग्रह है–

(क) जैनेन्द्र (ख) शिवप्रसाद सिंह

(ग) अज्ञेय (घ) धर्मवीर भारती

88. अलग–अलग वैतरणी, गली आगे मुड़ती है, किस विधा की रचना है–

(क) कहानी (ख) उपन्यास

(ग) नाटक (घ) आत्मकथा

89. उसने कहा था, सुखमय जीवन, बुद्धू का काँटा कहानी है–

(क) जी0पी0 श्रीवास्तव (ख) चन्द्रधर्म शर्मा गुलेरी

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) प्रेमचन्द्र

90. विपथगा, परम्परा, कोठरी की बात, शरणार्थी, कहानी संग्रह है–

(क) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्सायन 'अज्ञेय' (ख) प्रेमचन्द्र

(ग) जैनेन्द्र (घ) इलाचन्द्र जोशी

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

91. ध्रुवयात्रा कहानी है–

(क) ममता कालिया (ख) जैनेन्द्र कुमार

(ग) कृष्णा सोवती (घ) फणीश्वर नाथ रेणु

92. निम्नलिखित में से कौन सी रचना 'कहानी' संग्रह है–

(क) पूस की रात (ख) कुटज

(ग) कुहासा और किरण (घ) रॉवर्ट नर्सिंग होम में

93. आधुनिक काल की महिला कहानीकार हैं–

(क) महादेवी वर्मा (ख) सरोजिनी

(ग) मन्नू भंडारी (घ) शकुन्तला

94. 'आवारा मसीहा' रचना के लेखक हैं–

(क) अमृत राय (ख) विष्णु प्रभाकर

(ग) भैरव प्रसाद गुप्त (घ) नागार्जुन

95. 'भूदान यज्ञ' के लेखक हैं–

(क) डॉ0 नगेन्द्र (ख) विनोबा भावे

(ग) जैनेन्द्र कुमार (घ) मोहन राकेश

96. 'हंस' के सम्पादक थे–

(क) वासुदेव शरण अग्रवाल (ख) श्यामसुन्दर दास

(ग) बालमुकुन्द गुप्त (घ) प्रेमचन्द्र

97. चाँद, प्रभा और प्रताप पत्रिकाएँ किस युग से सम्बन्धित है–

(क) भारतेन्दु युग (ख) द्विवेदी युग

(ग) शुक्ल युग (घ) शुक्लोत्तर युग

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

98. हिन्दी के प्रचारार्थ 'बनारस अखबार' का प्रकाशन किसने किया–

(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) राजा शिवप्रसाद सिंह

(ग) लक्ष्मण सिंह (घ) सदासुख लाल

99. 'साहित्य–सन्देश' पत्रिका के सम्पादक हैं–

(क) रायकृष्ण दास (ख) गुलाबराय

(ग) अज्ञेय (घ) महादेवी वर्मा

100. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक हैं–

(क) प्रेमचन्द्र (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) निर्मल वर्मा (घ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

प्र0–2 निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प का चयन करें–

1. 'अहं ब्रम्हास्मि' कहानी के लेखक हैं–

(क) भगवती चरण वर्मा (ख) भीष्म साहनी

(ग) यशपाल (घ) जैनेन्द्र कुमार

2. 'गोदान' किस विधा की रचना है–

(क) उपन्यास (ख) नाटक

(ग) आत्मकथा (घ) डायरी

3. आंचलिक उपन्यासकार है–

(क) जैनेन्द्र कुमार (ख) फणीश्वरनाथ रेणु

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) अज्ञेय

4. 'अनामदास का पोथा', 'चारू–चन्द्र लेख' किस विधा की रचना है–

(क) उपन्यास (ख) कविता

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ग) नाटक (घ) आत्मकथा

5. काव्य कितने प्रकार के होते हैं–

(क) चार प्रकार के (ख) दो प्रकार के

(ग) तीन प्रकार के (घ) सात प्रकार के

6. नाटक, एकांकी है–

(क) दृश्य काव्य (ख) श्रव्य काव्य

(ग) प्रबन्ध काव्य (घ) मुक्तक काव्य

7. रामचरित मानस, कामायनी, जयद्रथ वध, हल्दी घाटी हैं–

(क) मुक्तक काव्य (ख) प्रबन्ध काव्य

(ग) खण्ड काव्य (घ) दृश्य काव्य

8. प्रबन्ध काव्य कितने प्रकार के होते हैं–

(क) चार (ख) दो

(ग) सातृ (घ) नौ

9. चन्दबरदाई कृत हिन्दी का प्राचीनतम महाकाव्य है–

(क) पृथ्वीराज रासो (ख) वीसलदेव

(ग) प्रियप्रवास (घ) कामायनी

10. पद्मावत महाकाव्य है–

(क) जायसी (ख) चन्दवरदाई

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) जटमल

11. भिक्षु, दीन, वह तोड़ती पत्थर किसकी रचना है–

(क) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (ख) महादेवी वर्मा

(ग) सुमित्रानन्दन पंत (घ) जयशंकर प्रसाद

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

12. तारसप्तक की रचनाएँ किस श्रेणी में आती हैं–

(क) खण्डकाव्य श्रेणी में (ख) मुक्तक श्रेणी में

(ग) प्रबन्ध काव्य की श्रेणी में (घ) महाकाव्य की श्रेणी में

13. आदिकाल को और किस नाम से अभिहित किया जाता है–

(क) वीरगाथा काल (ख) भक्तिकाल

(ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

14. आदिकाल की समय–सीमा है–

(क) सन् 743 ई0 से 1342 ई0 तक (ख) सन् 1643 ई0 से 1943 ई0 तक

(ग) सन् 755 ई0 से 1343 ई0 तक (घ) सन् 765 ई0 से 1343 ई0 तक

15. अधिकांश विद्वान हिन्दी का प्रथम कवि मानते हैं–

(क) चन्दवरदाई (ख) सरहपा

(ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

16. 'पृथ्वीराज रासो' में किस रस की प्रधानता है–

(क) श्रृंगार और शान्त रस (ख) श्रृंगार और वीर रस

(ग) श्रृंगार और करूण रस (घ) श्रृंगार और हास्य रस

17. 'श्रावकाचार' रचना है–

(क) मुनिजिनविजय (ख) देवसेन की

(ग) सरहपा (घ) दलपत विजय

18. वीरगाथा काव्य की विशेषता है–

(क) स्वर्ण–युग (ख) प्रकृति चित्रण

(ग) युद्धों का सजीव चित्रण (घ) मुक्त काव्य रचना

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

19. नरपति नाल्ह ने लिखा है–

(क) सन्देश रासक (ख) वीसलदेव रासो

(ग) खुमान रासो (घ) पदावली

20. हिन्दी के प्रथम कवि सरहपा किस वर्ग के कवि थे–

(क) नाथ साहित्य (ख) सिद्ध साहित्य

(ग) जैन साहित्य (घ) रासो साहित्य

21. निम्नलिखित में से कौन ज्ञानाश्रयी शाखा के कवि नहीं हैं–

(क) नानक (ख) दादू

(ग) केशव (घ) मलूकदास

22. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रन्थ रासो परम्परा का श्रेष्ठ महाकाव्य है–

(क) खुमान रासो (ख) पृथ्वीराज रासो

(ग) परमाल रासो (घ) वीसलदेव रासो

23. वीरगाथा काल के कवि हैं–

(क) सूरदास (ख) भूषण

(ग) चन्दवरदाई (घ) केशव

24. निम्नलिखित में से कौन आदिकाल के कवि नहीं हैं–

(क) शारंगधर (ख) सुमित्रानन्दन पन्त

(ग) जगनिक (घ) चन्दवरदाई

25. निम्नलिखित में से कौन सी रचना भक्तिकाल में लिखी गई है–

(क) कामायनी (ख) सूरसागर

(ग) भारत–भारती (घ) साकेत

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

26. काव्य साहित्य में कौन सा काल स्वर्ण–काल कहलाता है–

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल

(ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

27. भक्तिकाल की रचनाओं में निम्नलिखित में से कौन सबसे अधिक लोकप्रिय है–

(क) पद्मावत (ख) रामचरितमानस

(ग) विनयपत्रिका (घ) सूरसागर

28. निम्नलिखित में से भक्तिकाल का महाकाव्य है–

(क) साकेत (ख) श्री रामचरितमानस

(ग) प्रियप्रवास (घ) राम की शक्ति पूजा

29. निम्नलिखित में से कौन प्रेमाश्रय शाखा के कवि नहीं हैं–

(क) जायसी (ख) सूरदास

(ग) मंझन (घ) कुतुबन

30. निम्नांकित में रामभक्ति शाखा के कौन नहीं है–

(क) तुलसीदास (ख) चतुर्भुजदास

(ग) अग्रदास (घ) नाभादास

31. किस कवि को बाल–वर्णन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है–

(क) तुलसीदास (ख) सूरदास

(ग) बिहारी (घ) केशवदास

32. सूफी काव्यधारा के कवि हैं–

(क) नानक (ख) जायसी

(ग) रैदास (घ) कबीर

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

33. बल्लभाचार्य के शिष्य हैं–

(क) भूषण (ख) कृष्णदास

(ग) भिखारी दास (घ) महादेवी वर्मा

34. कृष्णभक्ति काव्यधारा के अन्तर्गत आते हैं–

(क) ब्रजभाषा के कवि (ख) अष्टछाप के कवि

(ग) भक्तिकाल के कवि (घ) सभी श्रृंगारिक रचनाकार

35. सगुण भक्ति शाखा के कवि नहीं हैं–

(क) सूरदास (ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ग) तुलसीदास (घ) मीराबाई

36. रीतिकाल से सम्बन्धित विशेषता है–

(क) सख्य भाव की भक्ति की प्रधानता (ख) समन्वयकारी भावना

(ग) नारी सौन्दर्य का विलासितापूर्ण चित्रण (घ) भक्ति की प्रधानता

37. 'कठिन काव्य के प्रेत' कहे जाते हैं–

(क) घनानन्द (ख) भूषण

(ग) सेनापति (घ) केशवदास

38. रीतिमुक्त कवि हैं–

(क) घनानन्द (ख) बिहारी

(ग) केशवदास (घ) भूषण

39. निम्नलिखित में से कौन सी कृति रीतिकाल में लिखी गई हैं–

(क) विनयपत्रिका (ख) कवितावली

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ग) गीतावली (घ) बिहारी सतसई

40. रीतिकाल की निम्नलिखित प्रमुख प्रवृत्तियों में से कौन–सी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है–

(क) राज–प्रशस्ति (ख) श्रृंगारिकता

(ग) रीति–निरुपण (घ) नीति

41. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का नाम उल्लेखनीय है–

(क) गद्य साहित्य में (ख) काव्य में

(ग) संस्मरण में (घ) कहानी में

42. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कौन सी पत्रिका प्रकाशित की थी–

(क) कविवचन सुधा (ख) हंस

(ग) मर्यादा (घ) सरस्वती

43. द्विवेदी युग की रचना है–

(क) प्रियप्रवास (ख) कामायनी

(ग) साकेत (घ) प्रियप्रवास

44. मैथिलीशरण गुप्त आधुनिककाल के किस युग से सम्बन्धित हैं–

(क) भारतेन्दु युग (ख) द्विवेदी युग

(ग) छायावादी युग (घ) छायावादोत्तर युग

45. नई कविता की आधारभूत विशेषता है–

(क) मार्क्सवादी विचारधारा का प्रभाव (ख) वह किसी भी दर्शन के साथ बँधी हुई नहीं है।

(ग) प्राकृतिक सौन्दर्य का चित्रण (घ) रहस्यवादी भावना

46. छायावादी कवि कौन है?

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(क) कबीर दास (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) सूरदास (घ) तुलसीदास

47. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना छायावाद युग में लिखी गयी है–

(क) विनय पत्रिका (ख) आँसू

(ग) सूरदास (घ) तुलसीदास

48. तारसप्तक का प्रकाशन वर्ष है–

(क) सन् 1942 ई0 में (ख) सन् 1943 ई0 में

(ग) सन् 1954 ई0 में (घ) सन् 1955 ई0 में

49. निम्नलिखित में से प्रयोगवादी कवि हैं–

(क) अज्ञेय (ख) महादेवी वर्मा

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) केशवदास

50. प्रगतिशील 'लेखक संघ' की स्थापना हुई–

(क) सन् 1936 ई0 में (ख) सन् 1937 ई0 में

(ग) सन् 1942 ई0 में (घ) सन् 1938 ई0 में

51. प्रकृति के सुकुमार कवि कहलाते हैं–

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) सुमित्रानन्दन पंत

(ग) महादेवी वर्मा (घ) सेनापति

52. नौका विहार, परिवर्तन, बापू के प्रति कविता है–

(क) सुमित्रानन्दन पंत (ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) धर्मवीर भारती (घ) निराला

53. कौन सा अलंकार छायावाद की देन है–

(क) उत्प्रेक्षा (ख) मानवीकरण

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(ग) अनुप्रास (घ) यमक

54. प्रगतिवादी कवि है–

(क) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) अज्ञेय (घ) सूरदास

55. प्रयोगवाद की विशेषता है–

(क) कल्पनाशीलता (ख) नवीनता के प्रति आग्रह

(ग) रहस्यवाद (घ) मानवीकरण

56. तारसप्तक के प्रवर्तक है–

(क) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' (ख) घनानन्द

(ग) धर्मवीर भारती (घ) केदारनाथ सिंह

57. 'अज्ञेय' द्वारा सम्पादित तारसप्तकों की संख्या है–

(क) पाँच (ख) तीन

(ग) सात (घ) नौ

58. उद्धव प्रसंग, गंगावतरण कविता है–

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) जगन्नाथदास 'रत्नाकर'

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) सूरदास

59. रीतिकाल का अन्य नाम है–

(क) श्रृंगारकाल (ख) चारणकाल

(ग) स्वर्णकाल (घ) उद्‌भवकाल

60. 'आदिकाल' को 'वीजवपनकाल' नाम दिया है–

(क) रामचन्द्र शुक्ल ने (ख) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) डॉ0 रामकुमार वर्मा

61. आदिकाल का ग्रन्थ नहीं है–

(क) वीसलदेव रासो (ख) पृथ्वीराज रासो

(ग) संदेश रासक (घ) पद्मावत

62. 'आल्हखण्ड' का दूसरा नाम है–

(क) खुमाण रासो (ख) परमाल रासो

(ग) पृथ्वीराज रासो (घ) हम्मीर रासो

63. 'प्रेम माधुरी', 'प्रेम तरंग', प्रेम सरोवर किसकी रचना है–

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी (घ) बिहारी

64. 'पूर्णप्रकाश' और 'चन्द्रप्रभा' किस विधा की रचना है–

(क) कविता (ख) उपन्यास

(ग) कहानी (घ) नाटक

65. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' और 'अधखिला फूल' की रचना है–

(क) नाटक (ख) उपन्यास

(ग) संस्मरण (घ) रेखाचित्र

66. रस कलश, वैदेही वनवास, चोखे चौपदे तथा चुभते चौपदे किसकी रचना है?

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) माखनलाल चतुर्वेदी

67. 'श्रीरामचरित मानस' के पश्चात् हिन्दी में 'रास–काव्य' दूसरा ग्रन्थ कौन सा है?

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(क) रामचन्द्रिका (ख) साकेत

(ग) विनयपत्रिका (घ) यशोधरा

68. मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा है–

(क) साकेत (ख) लोकायतन

(ग) आँसू (घ) उत्तरा

69. भारत–भारती लिखने वाले कवि हैं–

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) अज्ञेय

(ग) बिहारी (घ) महादेवी वर्मा

70. 'अनघ' और 'नहुष' की रचना करने वाले कवि हैं–

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'

71. 'साकेत' महाकाव्य पर हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने कौन सा पुरस्कार प्रदान किया है–

(क) ज्ञानपीठ पुरस्कार (ख) मंगला प्रसाद पारितोषिक

(ग) डी0लिट्0 उपाधि (घ) साहित्य अकादमी पुरस्कार

72. 'चित्राधार' के रचयिता हैं–

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) बिहारी (घ) मैथिलीशरण गुप्त

73. 'अणिमा' के रचनाकार हैं–

(क) नागार्जुन (ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' (घ) अज्ञेय

74. 'गीतिका' के कवि हैं–

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(क) नरेन्द्र शर्मा (ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) महादेवी वर्मा

75. 'कला और बूढ़ा चाँद' के रचनाकार हैं–

(क) सुमित्रानन्दन पन्त (ख) अज्ञेय

(ग) निराला (घ) केदारनाथ सिंह

76. 'युगपथ' और 'उत्तरा' काव्यग्रन्थ के रचनाकार हैं–

(क) धर्मवीर भारती (ख) सुमित्रानन्दन पंत

(ग) सेनापति (घ) जयशंकर प्रसाद

77. 'लोकायतन' के कवि हैं–

(क) महादेवी वर्मा (ख) सुमित्रानन्दन पन्त

(ग) मुक्तिबोध (घ) भवानी प्रसाद मिश्र

78. 'शुद्ध कविता की खोज' किस विधा की रचना है–

(क) उपन्यास (ख) आलोचना ग्रन्थ

(ग) कविता (घ) नाटक

79. 'संस्कृति के चार अध्याय', 'भारतीय संस्कृति की एकता' किसकी कृति है–

(क) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी (घ) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

80. रेणुका, कुरूक्षेत्र, हुंकार, उर्वशी काव्य रचना हैं–

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ग) अज्ञेय (घ) जैनेन्द्र कुमार

81. रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना है–

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(क) यामा (ख) कुरुक्षेत्र

(ग) अनामिका (घ) बाणभट्ट की आत्मकथा

82. 'सैनिक', 'विशाल भारत', और 'प्रतीक' पत्रिका का सम्पादन किया–

(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) अज्ञेय

(ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (घ) धर्मवीर भारती

83. 'विपथगा', 'परम्परा', 'कोठरी की बात' किस विधा की रचना है–

(क) आलोचना ग्रन्थ (ख) कहानी

(ग) संस्मरण (घ) उपन्यास

84. आँगन के पार द्वार, बावरा अहेरी, इत्यलम् किस कवि की रचना है–

(क) महादेवी वर्मा (ख) अज्ञेय

(ग) निराला (घ) जयशंकर प्रसाद

85. निम्नलिखित में से कौन सी अज्ञेय की रचना नहीं है?

(क) रेणुका (ख) प्रवासी के गीत

(ग) कुरुक्षेत्र (घ) परशुराम की प्रतीक्षा

86. यशपाल किस युग से सम्बन्धित हैं–

(क) शुक्लोत्तर युग (ख) द्विवेदी युग

(ग) भारतेन्दु युग (घ) शुक्ल युग

87. 'युग की गंगा' किसकी रचना है–

(क) केदारनाथ अग्रवाल (ख) अज्ञेय

(ग) बिहारी (घ) हरिवंश राय 'बच्चन'

88. 'सांध्यगीत' किसकी रचना है–

(क) महादेवी वर्मा (ख) मीराबाई

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ग) निराला (घ) प्रेमचन्द्र

89. 'विज्ञान गीता' के रचयिता हैं–

(क) केशवदास (ख) बिहारी

(ग) सेनापति (घ) मुक्तिबोध

90. रसकलश के रचयिता है–

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) जैनेन्द्र

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) केशवदास

प्र0–3 निम्नलिखित गद्यांशों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. जन का प्रवाह अनंत होता है। सहस्त्रों वर्षों से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त किया है। जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातःकाल भुवन को अमृत से भर देती है तब तक राष्ट्रीय जन का जीवन भी अमर है। इतिहास के अनेक उतार–चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र निवासी जन नयी उठती लहरों से आगे बढ़ने के लिए अजर–अमर है। जन का सततवाही जीवन नदी के प्रवाह की तरह है, जिसमें कर्म और श्रम के द्वारा उत्थान के अनेक घाटों का निर्माण करना होता है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक के नाम लिखिए।

ख) भूमि के साथ राष्ट्रीय जन का जीवन कब तक अमर है?

ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

घ) राष्ट्रीय जन का जीवन कब तक अमर है?

ड़) जन का सतत प्रवाही जीवन किसके समान है?

2. धरती माता की कोख में जो अमूल्य निधियाँ भरी है जिनके कारण वह वसुन्धरा कहलाती है, उससे कौन परिचित न होना चाहेगा? लाखों–

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

करोड़ों वर्षों से अनेक प्रकार की धातुओं को पृथ्वी के गर्भ में पोषण मिला है। दिन–रात बहने वाली नदियों ने पहाड़ों को पीस–पीस कर अगणित प्रकार की मिट्टियों से पृथ्वी की देह को सजाया है। हमारी भावी आर्थिक अभ्युदय के लिए इन सबकी जाँच पड़ताल अत्यन्त आवश्यक है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) धरती वसुन्धरा क्यों कहलाती है?

घ) पृथ्वी की देह को किसने किससे सजाया है?

ड़) भावी आर्थिक अभ्युदय हेतु हमें क्या करना चाहिए?

3. अकर्म का आशय कर्म का अभाव नहीं, कर्त्तव्य का क्षय है। 'मैं यह कर रहा हूँ, मैं वह करने वाला हूँ, यह सब कुछ करके छोड़ूँगा।' आदि–आदि, अंहकारों से किया गया कर्म, यदि सिद्धि और सफलता न लाये बल्कि बंधन और क्लेश उपजाये, तो इसमें तर्क की कोई असंगति नहीं। पुरूषार्थ का अर्थ मेहनत नहीं है, सहयोग भी है। अंह के बल पर चलने से यह सहयोग क्षीण होता है। तब उसको पुरूषार्थ भी क्या कहना?

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) लेखक के अनुसार पुरूषार्थ का अर्थ बताइए।

घ) अहं के बल पर चलने से क्या क्षीण होता है।

ड़) अहंकार से कृत कर्म का परिणाम क्या होता है?

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

4. इच्छाएँ नाना है और नानाविध है और वे उसे प्रवृत्त रखती है। उस प्रवृत्ति और निवृत्ति का चक्र उसको द्वन्द्व से थका मारता है। इस संसार को अभी राग–भाव से वह चाहता है कि अगले क्षण उतने ही विराग भाव से वह उसका विनाश चाहता है। पर राग–द्वेष की वासनाओं से अंत में झुझलाहट और छटपटाहट ही उसे हाथ आती है। ऐसी अवस्था में उसका यह सच्चा भाग्योदय कहलायेगा अगर वह नत–भ्रम होकर भाग्य को सिर आँखों पर लेगा और प्राप्त कर्त्तव्य में ही अपने पुरूषार्थ की इति मानेगा।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) इस संसार में मनुष्य राग–विराग से क्या चाहता है?

घ) राग–द्वेष की वासनाओं से अन्त में मानव को क्या मिलता है?

ड़) मानव का सच्चा भाग्योदय कब कहलाएगा?

5. यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक बूढ़ी वह उतनी ही अधिक उत्फुल, मुस्कानमयी है। यह किस दीपक की जोत है? जागरूक जीवन की! लक्ष्यदर्शा जीवन की! सेवा निरत जीवन की! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) लेखक का मदर से मिलने का अनुभव कैसा था?

घ) बूढ़ी मदर कैसी थी उसका चेहरा कैसा था? लेखक ने उसे क्या कहा है?

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

ड़) 'विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

6. आज जिसे हम बहुमूल्य संस्कृति मान रहे है, वह क्या ऐसी ही बनी रहेगी? सम्राटों–सामन्तों ने जिस आचार–निष्ठा को इतना मोहक और मादक रूप दिया था, वह लुप्त हो गयी, धर्माचार्यों ने जिस ज्ञान और वैराग्य को इतना महार्घ समझा था, वह लुप्त हो गया, मध्ययुग के मुसलमान रईसों के अनुकरण पर जो रस–राशि उमड़ी थी, वह वाष्प की भाँति उड़ गई, क्या वह मध्ययुग के कंकाल पर लिखा हुआ व्यावसायिक–युग का कमल ऐसा ही बना रहेगा? महाकाल के प्रत्येक पदाघात में धरती धसकेगी। उसके कुंठनृत्य की प्रत्येक चारिका कुछ न कुछ लपेटकर ले जाएगी। सब बदलेगा, सब विकृत होगा–सब नवीन बनेगा।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) सम्राटों और सामन्तों की आचार निष्ठा कहाँ गयी?

घ) धर्माचार्यों का ज्ञान एवं वैराग्य क्यों लुप्त हो गया?

ड़) महाकाल के पदाघात से धरती का क्या होगा?

7. लेकिन पुष्पित अशोक को देखकर मेरा मन उदास हो जाता है। इसलिए नहीं कि सुन्दर वस्तुओं को हतभाग्य समझने में मुझे कोई विशेष रस मिलता है। कुछ लोगों को मिलता है। वे बहुत दूरदर्शी होते हैं। जो भी सामने पड़ गया, उसके जीवन के मुहूर्त तक का हिसाब लगा लेते हैं। मेरी दृष्टि इतनी दूर तक नहीं जाती। फिर भी मेरा मन इस फूल को देखकर उदास हो जाता है। असली कारण तो मेरे अंतर्यामी ही जानते होंगे, कुछ थोड़ा सा मैं भी अनुमान कर सकता हूँ।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) पुष्पित अशोक को देखकर लेखक का मन कैसा हो जाता है?

घ) लेखक के मन के उदास होने के कारण को कौन जानते होंगे?

ड़) लेखक कितना अनुमान लगा सकता है?

8. रवीन्द्रनाथ ने इस भारतवर्ष को 'महामानवसमुद्र' कहा जाता है! विचित्र देश है वह! असुर आए, आर्य आए, शक आए, हूण आए, यक्ष आए, गंधर्व आए – न जाने कितनी मानव जातियाँ यहाँ आईं और आज के भारतवर्ष को बनाने में अपना हाथ लगा गई। जिसे हम हिन्दू रीति–नीति कहते हैं, वे अनेक आर्य और आर्येत्तर उपादानों का अद्‌भुत मिश्रण है। एक–एक पशु, एक–एक पक्षी न जाने कितनी स्मृतियों का भार लेकर हमारे सामने उपस्थित हैं। अशोक की भी अपनी स्मृति–परम्परा है।

क) प्रस्तुत पद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) भारत में कितनी जातियाँ आईं?

घ) हिन्दू रीति–नीति किन उपादानों का मिश्रण है?

ड़) पशु–पक्षी किनका भार लेकर हमारे सामने उपस्थित हैं?

9. जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के भरण–पोषण की, उसके शिक्षण की जिससे वह समाज के एक जिम्मेदार घटक के नाते अपनाप योगदान करते हुए अपने विकास में समर्थ हो सके, उसके लिए स्वस्थ एवं क्षमता की अवस्था में जीविकोपार्जन की, और यदि किसी भी कारण वह सम्भव न हो तो भरण–पोषण की तथा उचित अवकाश की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी समाज की है। प्रत्येक सभ्य समाज इसका किसी न किसी

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

रूप में निर्वाह करता है। प्रगति के यही मुख्य मानदण्ड हैं। अतः न्यूनतम जीवन–स्तर की गारंटी, शिक्षा, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार सामाजिक सुरक्षा और कल्याण को हमें मूलभूत अधिकार के रूप में स्वीकार करना होगा।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) व्यक्ति के भरण–पोषण की जिम्मेदारी किसकी है?

घ) प्रगति के मुख्य मानदण्ड क्या हैं?

ड़) हमें मूलभूत अधिकार के रूप में किसे स्वीकार करना होगा।

10. एकात्म मानव विचार भारतीय और बाह्य सभी चिंताधाराओं का सम्यक आकलन करके चलता है। उनकी शक्ति और दुर्बलताओं को भी परखता है और एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करता है जो मानव को अब तक के उसके चिन्तन, अनुभव और उपलब्धि की मंजिल से आगे बढ़ सके।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) एकात्ममानववाद किनकी दुर्बलताओं को परखता है।

घ) एकात्ममानववाद दुर्बलताओं के साथ और किसकी परख करता है।

ड़) एकात्ममानववाद किनकी मंजिल से आगे बढ़ाएँ?

11. भाषा की साधारण इकाई शब्द है, शब्द के अभाव में भाषा का अस्तित्व ही दुरुह है। यदि भाषा में विकसनशीलता शुरू होती है तो शब्द के स्तर पर ही। दैनंदिन सामाजिक व्यवहारों में हम कई ऐसे नवीन शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, जो अंग्रेजी, अरबी, फारसी आदि विदेशी भाषाओं से उधार लिए है। वैसे ही नये शब्दों का गठन भी अनजाने में अनायास

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

ही होता है। ये शब्द अर्थात् उन विदेशी भाषाओं से सीधे बहिष्कृत ढंग से उधार लिए गये शब्द, भले ही काम चलाऊ माध्यम से प्रयुक्त हों, साहित्यिक–दायरे में कदापि ग्रहणीय नहीं। यदि ग्रहण करना पड़े तो उन्हें भाषा की मूल प्रकृति के अनुरुप साहित्यिक शुद्धता प्रदान करनी पड़ती है। यहाँ प्रयत्न की आवश्यकता प्रतीत होती है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) भाषा की विकसनशीलता किस स्तर से प्रारम्भ होती है?

घ) हम दैनिक व्यवहार में किन नवीन शब्दों का प्रयोग करता है?

ड़) अन्य भाषा के सीधे उधार शब्द साहित्यिक दायरे में ग्रहणीय नहीं है, क्यों?

12. विज्ञान की प्रगति के कारण नयी चीजों का निरन्तर आविष्कार होता रहता है। जब कभी नया आविष्कार होता है, उसे एक नयी संज्ञा दी जाती है। जिस देश में उसकी सृष्टि की जाती है वह देश उस आविष्कार के नामकरण के लिए नया शब्द बनता है, वही शब्द प्रायः अन्य देशों में बिना परिवर्तन के वैसे ही प्रयुक्त किया जाता है। यदि हर देश उस चीज के लिए अपना–अपना अलग नाम देता रहेगा, तो उस चीज को समझने में ही दिक्कत होगी। जैसे रेडियो, टेलीविज़न स्पुतनिक। प्रायः सभी भाषाओं में इनके लिए एक ही शब्द प्रयुक्त है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) विज्ञान की प्रगति के कारण नवीन चीजों का क्या होता रहता है?

घ) बिना परिवर्तन के किस शब्द को अन्य देश ग्रहण करते हैं?

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

ड़) किन शब्दों को सभी भाषाओं में समान रूप से ग्रहण किया जाता है?

13. मेरे मन में गत रात्रि के उस निन्दक मित्र के प्रति मैल नहीं रहा। दोनों एक हो गये। भेद तो रात्रि के अन्धकार में ही मिटता है, दिन के उजाले में भेद स्पष्ट हो जाते हैं। निन्दा का ऐसा ही भेद नाशक अंधेरा होता है। तीन चार घंटे बाद, जब वह विदा हुआ, तो हम लोगों के मन में बड़ी शांति और तुष्टि थीं।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) निन्दा का अंधेरा कैसा होता है?

घ) लेखक एवं अन्यों को कब शान्ति और तुष्टि मिली?

ड़) लेखक के मन में गत रात्रि के निन्दक के प्रति क्या नहीं रहा?

14. निन्दा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है।

मनुष्य अपनी हीनता से दबता है। वह दूसरों की निन्दा करके ऐसा अनुभव करता है कि वे सब निकृष्ट हैं और वह उनसे अच्छा है। उसके अहं की इससे तुष्टि होती है। बड़ी लकीर को कुछ मिटाकर छोटी लकीर बड़ी बनती है। ज्यों ज्यों कर्म क्षीण होता जाता है, त्यों त्यों निन्दा की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है। कठिन कर्म ही ईर्ष्या द्वेष और इनसे उत्पन्न निन्दा को मारता है। इन्द्र बड़ा ईष्यालु माना जाता है क्योंकि वह निठल्ला है। स्वर्ग में देवताओं को बिना उगाया अन्न, बे बनाया महल और बिन बोये फल मिले हैं। अकर्मण्यता में उन्हें अप्रतिष्ठित होने का भय बना रहता है, इसलिए कर्मी मनुष्यों से उन्हें ईर्ष्या होती है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

ग) हीनभाव ग्रसित निन्दक की तुष्टि कब और कैसे होती है?

घ) इन्द्र किसलिए ईर्ष्यालु माना जाता है?

ड़) स्वर्ग के देवों को किनसे और क्यों ईर्ष्या होती है?

15. जो कुछ भी हम इस संसार में देखते हैं वह उर्जा का ही स्वरूप है।

जैसा कि महर्षि अरविन्द ने कहा है कि हम भी उर्जा के ही अंश है। इसलिए जब हमने यह जान लिया है कि आत्मा और पदार्थ दोनों ही अस्तित्व का हिस्सा है, वे एक–दूसरे से पूरा तादात्म्य रखे हुए है तो हमें यह एहसास भी होगा कि भौतिक पदार्थों की इच्छा रखना किसी भी दृष्टिकोण से शर्मनाक यौ गैर आध्यात्मिक बात नहीं है।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) महर्षि अरविन्द ने क्या कहा है?

घ) आत्मा एवं पदार्थ, दोनों ही किसका हिस्सा हैं?

ड़) किसी भी दृष्टिकोण से कौन–सी बात शर्मनाक एवं गैर आध्यात्मिक नहीं है?

16. विकसित देशों की समृद्धि के पीछे कोई रहस्य नहीं छिपा है। ऐतिहासिक तथ्य बस इतना है कि इन राष्ट्रों–जिन्हें–जिन्हें जी–8 के नाम से पुकारा जाता है, के लोगों ने पीढ़ी दर पीढ़ी इस विश्वास को पुख्ता किया कि मजबूत और समृद्ध देश में उन्हें अच्छा जीवन बिताना है। तब सच्चाई उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप ढल गयी।

क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

ग) विकसित देशों की समृद्धि के पीछे क्या नहीं छिपा है?

